# बिहार स्टेट पावर ट्रांसमिशन कंपनी लिमिटेड

Bihar State Power Transmission Company Limited

(निबंधित कार्यालयः–विद्युत भवन, बेली रोड, पटना)

**(Regd. Office: Vidyut Bhawan, Bailey Road, Patna)**

TINVAT NO-10011255025 CIN-U74110BR2012SGC018889

Website:www.bsptcl.bih.inc.in

**DEPARTMENT OF HR & ADMINISTRATION**


संकल्प सं० – 1612 / पटना, दिनांक 11/07/2023/

**T-VI/IR-1706/2013** (Part-I)

श्री कमलेश मोहन झा, लेखा पदाधिकारी, संचरण अंचल, पटना (पूर्वी) से ग्रिड उपकेन्द्र, गौरीचक एवं फतुहा में पदस्थापित पदाधिकारियों/कर्मचारियों के मकान किराया भत्ता एवं शहरी परिवहन भत्ता में बगैर सक्षम प्राधिकार के अनुमति से कटौती संबंधी आरोपो के लिए इस कार्यालय के पत्रांक–1490 दिनांक–26.06.2023 द्वारा स्पष्टीकरण पूछा गया। श्री झा द्वारा उक्त स्पष्टीकरण का जवाब दिनांक–30.06.2023 को समर्पित किया गया।

श्री झा द्वारा समर्पित जवाब की समीक्षा उपलब्ध अभिलेखों के आधार पर की गयी। समीक्षोपरांत पाया गया है कि श्री झा द्वारा की गयी कटौती नियमसंगत नहीं है। उनके द्वारा ग्रिड उपकेन्द्र, गौरीचक एवं फतुहा में पदस्थापित पदाधिकारियों/कर्मचारियों के मकान किराया भत्ता एवं शहरी परिवहन भत्ता में कटौती बगैर सक्षम प्राधिकार के अनुमति एवं मनमाने ढंग से की गयी। अतः श्री झा के स्पष्टीकरण को अस्वीकृत करते हुए उक्त कृत्य के लिए उन्हें ''चेतावनी'' की शास्ति संसूचित करने का निर्णय सक्षम प्राधिकार द्वारा लिया गया।

अतः श्री कमलेश मोहन झा, लेखा पदाधिकारी को "चेतावनी" की शास्ति संसूचित की जाती है।

आदेश– आदेश दिया जाता है कि इस आदेश की हस्ताक्षरित प्रति श्री कमलेश मोहन झा, लेखा पदाधिकारी, संचरण अंचल, पटना (पूर्वी) को हस्तगत करा दी जाय।

आदेशानुसार,

ह०/–

(राजीव कुमार सिंह)
उप सचिव

ज्ञापांक – 1613 / पटना, दिनांक– 11/07/2023 /

प्रतिलिपि– प्रबंध निदेशक के विशेष कार्य पदाधिकारी, बिहार स्टेट पावर ट्रांसमिशन कंपनी लिमिटेड, पटना/महाप्रबंधक (मा०सं०/प्रशा०), बिहार स्टेट पावर (होल्डिंग) कंपनी लिमिटेड, पटना/महाप्रबंधक (मा०सं०/प्रशा०)/महाप्रबंधक (वित्त एवं लेखा)/ उपमहाप्रबंधक (मा०सं०/प्रशा०), बिहार स्टेट पावर ट्रांसमिशन कंपनी लिमिटेड, पटना/सभी महाप्रबंधक–सह–मुख्य अभियंता, सभी सचंरण जोन/सभी विद्युत अधीक्षण अभियंता, सभी संचरण अंचल/ सभी विद्युत कार्यपालक अभियंता, सभी संचरण प्रमंडल/वरीय प्रबंधक (वित्त एवं लेखा)/डाटा बेस एडमिनिस्ट्रेटर/सभी अवर सचिव/ लेखा पदाधिकारी (स्थापना)/ सभी लेखा पदाधिकारी/प्रशाखा पदाधिकारी प्रशाखा–III, बिहार स्टेट पावर ट्रांसमिशन कंपनी लिमिटेड एवं श्री कमलेश मोहन झा, लेखा पदाधिकारी, संचरण अंचल, पटना (पूर्वी) को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

2. डाटा बेस एडमिनिस्ट्रेटर से अनुरोध है कि इसे कंपनी के बेवसाईट पर अपलोड करवाने की कृपा की जाय।

11-7-23

(राजीव कुमार सिंह)
उप सचिव

11.07.23